

# भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र. अवध प्रान्त की

## डिजिटल पत्रिका

अंक–: सप्तविशति पुष्प, मार्च 2024

# अवध विहान

# अवध—विहान

## संरक्षक

**मा. यतीन्द्र शर्मा जी**
अ.भा. सहसंगठन मंत्री
विद्या भारती

## मार्गदर्शक मण्डल

**मा. हेमचन्द्र जी**
क्षेत्रीय संगठन मंत्री
विद्या भारती पूर्वी उ0प्र0 क्षेत्र

**मा. हरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव जी**
अध्यक्ष
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

**मा. डॉ. महेन्द्र कुमार जी**
मंत्री
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

**मा. रामजी सिंह जी**
प्रदेश निरीक्षक
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

**मा. सुरेश कुमार सिंह जी**
सम्भाग निरीक्षक (सीतापुर सम्भाग)
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

**मा. अवरीश कुमार जी**
सम्भाग निरीक्षक (साकेत सम्भाग)
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

## सम्पादक मण्डल

### प्रधान सम्पादक

**डॉ. योगेन्द्र प्रताप सिंह**
प्रान्त प्रचार प्रमुख, भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

### सहसम्पादक

**श्रीमती निधि द्विवेदी**
प्रधानाचार्य
स.बा.वि.म..इ.का., सरस्वती नगर
रायबरेली

**श्रीमती शिप्रा बाजपेई**
प्रधानाचार्य
स.ध.स.वि.म.बा.इ.का.
लखीमपुर–खीरी

### विशेष सहयोग

**जितेन्द्र पाण्डेय**
प्रान्त सोशल मीडिया प्रमुख
अवध प्रान्त

# सम्पादक की कलम से –



बसंत ऋतु आते ही चारो तरफ फसले लहलहाने लगती हैं। सरसों के पीले–पीले फूल मन को प्रफुल्लित करते हैं। मन प्रसन्नता से भर जाता है। बसंत में होली का त्योहार पड़ता है। होली का त्योहार भारतीय सभ्यता का महत्वपूर्ण हिस्सा है जो खुशियों और प्यार का संदेश लेकर आता है। यह एक प्राचीन परंपरा है जो विविधता और एकता का पाठ सिखाती है। होली के इस रंग बिरंगे त्योहार में लोग अपने प्रियजनों के साथ खुशियों का त्योहार मनाते हैं। इस दिन रंगों की भरमार होती है, जिससे सभी के दिलों में खुशी और मिलन भर जाता है। होली के इस मौके पर हमें याद रखना चाहिए कि यह एकता और सद्भावना का पर्व है। हमें अपने समाज में समरसता और सहयोग की भावना बनाए रखनी चाहिए। हमें समाज में फैली कुरीतियों को दूर करके समरसता और सौहार्द का वातावरण बनाना चाहिए। । होली के इस पावन अवसर पर आप सभी को ढेर सारी शुभकामनाएं। इस खुशी के मौके पर हमें एक–दूसरे के प्रति प्यार और सम्मान का भाव रखना चाहिए। होली की हार्दिक शुभकामनाएं।

**डॉ0 योगेन्द्र प्रताप सिंह**
**प्रधान सम्पादक**
**पं0 दीनदयाल उपाध्याय स.वि.म.इ.का.**
**लखीमपुर–खीरी**



# लखनऊ संकुल

## सन्त रविदास जयन्ती मनायी गयी



सरस्वती विद्या मंदिर निराला नगर लखनऊ में वार्षिक उत्सव के पश्चात भैया बहनो को पुरस्कार वितरित किया गया और सन्त रविदास जयंती मनाई गई। इस अवसर पर भारती शिक्षा समिति के अध्यक्ष श्री हरेन्द्र जी,शोध संस्थान के डा. शिव भूषण जी, प्रधानाचार्य श्री राम तीर्थ जी ,प्रबंधक जी, श्री शैलेन्द्र शर्मा जी एवं कोषाध्यक्ष जी की पत्नी श्रीमती दीप्ति अग्रवाल जी एवं अन्य सदस्या श्रीमती प्रगति अग्रवाल जी ,आचार्य, अचार्या बहने,एवं सभी भैया बहने उपास्थित रही। सभी अतिथियों ने उद्बोधन एवं आशीर्वाद दिया और 300 से अधिक भैया बहनों को प्रमाणपत्र तथा मैडल देकर सम्मानित किया गया।

## मातृ सम्मेलन मनाया गया



सरस्वती विद्या मंदिर निराला नगर लखनऊ में अमृत विशाल कक्ष में मातृ भारती सम्मेलन का आयोजन दीप जलाकर एवं पुष्प अर्चन करके किया गया।जिसमे माननीय मुख्य अतिथि श्रीमती सुनीति सचान पूर्व अपर अधिवक्ता उत्तर प्रदेश सरकार श्रीमती श्रद्धा त्रिपाठी जी, अधिवक्ता उच्च न्यायालय श्रीमती प्रतिभा जी, पवन उपाध्याय जी, अधिवक्ता विमल सचान जी, विद्यालय के प्रबंधक श्री शैलेन्द्र शर्मा जी विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री राम तीर्थ वर्मा जी एवं मातृ शक्ति अभिभावक, सभी आचार्य एवं आचार्या बहने उपास्थित रही। श्रीमती श्रद्धा जी ने भारत की आधुनिक महिलाओ के समाज में योगदान को समझाया। सभी अभिभावको ने कार्यक्रम की सराहना की।

# अयोध्या संकुल

## अंग्रेजी प्रश्नमंच का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ



अयोध्या, विद्या भारती विद्यालय शिवलाल शर्मा सरस्वती शिशु मंदिर तुलसी नगर अयोध्या में अंग्रेजी प्रश्न मंच का आयोजन अंग्रेजी प्रमुख आचार्या श्रीमती प्रियंका त्रिपाठी जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सारंगधर मिश्र, विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती शीला तिवारी एवं अध्यक्ष के रूप में लाल जी मौर्या उपस्थित रहे ।विद्यालय के प्राचार्य श्री ओमप्रकाश तिवारी जी ने सभी अतिथियों का परिचय कराया।इस प्रतियोगिता में विद्यालय में सभी आचार्य, आचार्या श्रीमती ममता पांडेय, श्री विनीत कुमार मिश्र, श्रीमती प्रियंका त्रिपाठी, प्रिया सिंह, कविता मिश्रा, शशि बाला तिवारी, नेहा पांडेय, अर्जुन जी, सुधीर जी, अंकिता जी, ज्योतिष जी, सर्वानंद मिश्र जी ने अपना सराहनीय योगदान दिया।

## भैया–बहनों को प्रोत्साहित किया गया



सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामनगर अयोध्या में ब्रेन ओ ब्रेन संस्था द्वारा बच्चों को प्रोत्साहित किया गया। संस्था के संस्थापक व संचालिका ने भैया बहनों को मेडल व प्रमाण पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया।

# सीतापुर संकुल




## गीता श्लोक प्रतियोगिता सम्पन्न हुयी

सरस्वती शिशु मंदिर पुरवारी टोला बिसवा ,सीतापुर के विद्यालय में मां शारदे की वंदना के पश्चात कक्षा द्वितीय से अष्टम तक के भैया बहनों की गीता श्लोक प्रतियोगिता संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमान वृंदारक नाथ मिश्रजी पूर्व प्रवक्ता एसजेडी इंटर कॉलेज बिसवां तथा विशिष्ट अतिथिमहोदयाके रूप में श्रीमती सरला अवस्थी जी केडी गर्ल्स इंटर कॉलेज बिसवां पूर्व प्रवक्ता की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन शिशु भारती प्रमुख आचार्य श्रीमान पुष्पेंद्र तिवारी जी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में आए हुए अतिथि महानुभावों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान रामानुज चौरसिया जी द्वारा कराया गया। आए हुए अतिथि महानुभावों के द्वारा भैया बहनों को संदेश स्वरूप आशीर्वाद प्रदान किया गया कि गीता ही जीवन जीने का सार तत्व है ।समय निकालकर प्रतिदिन गीता के श्लोकों को पढ़े और उनका भावार्थ भी अपने जीवन में धारण करें एवं धर्म के मार्ग पर चलने का संकल्प लें। संकल्पित सभी भैया बहनों का जीवन प्रगति पथ पर हमेशा सफलतम शिखर तक पहुंचेगा ऐसा हमें पूर्ण विश्वास है । आए हुए अतिथि महानुभावों का आभार विद्यालय के प्रधानाचार्य जी द्वारा ज्ञापित किया गया । कार्यक्रम का समापन शांति मंत्र के साथ किया गया।








# नवीन भवन का भूमि पूजन हुआ

सरस्वती शिशु मंदिर पुरवारी टोला बिसवां ,सीतापुर में श्री दिनेश रजनी सरस्वती शिशु मंदिर पुरवारी टोला बिसवां का नवीन भवन हेतु नींव पूजन का कार्यक्रम क्षेत्रीय संगठन मंत्री पूर्वी उत्तर प्रदेश श्रीमान हेमचंद जी के द्वारा संपन्न हुआ । इस पावन पवित्र अवसर पर प्रांत प्रचारक श्री कौशल किशोर जी, भारतीय शिक्षा समिति के प्रदेश निरीक्षक श्रीमान रामजी सिंह जी उपस्थित रहे । क्षेत्रीयसंगठन मंत्री ने अपने उद्‌बोधन में संस्कार हेतु शिक्षा पर विशेष बल दिया । इसी क्रम में प्रांत प्रचारक जी ने समाज की सेवा करने हेतु प्रेरित किया । विद्यालय की विकास यात्रा विषय पर विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्री अतुल कुमार सिंह जी ने विद्यालय के प्रारंभ होने से लेकर आज तक विस्तार से आख्या प्रस्तुत की। अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मान रामानुज चौरसिया जी ने कराया ।कार्यक्रम का संचालन विद्यालय का वरिष्ठ आचार्य श्री महेश कुमार जी ने किया ।आभार प्रदर्शन विद्यालय के कोषाध्यक्ष श्री मुन्नालालजी मौर्य ने कराया। इस अवसर पर आए हुए पत्रकार बंधुओ का विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों व पदाधिकारी बंधुओ ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया । इस अवसर पर शिशु मंदिर , बालिका विद्या मंदिर की प्रबंध समिति के पदाधिकारी बंधु, बहिनें व नगर के संभ्रांत व्यक्ति , अभिभावक बंधु , पुलिस प्रशासन के बंधु , बहिनें , पत्रकार बंधु आदि उपस्थित रहे । विद्यालय के समस्त आचार्य बंधु, आचार्या बहनों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का समापन कल्याण मंत्र के साथ किया गया।






# लखीमपुर संकुल



## शुभकामना संदेश व आशीर्वाद समारोह आयोजित

श्री तेज महेन्द्रा सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज पलिया कलां – खीरी में कक्षा द्वादश के भैयाध्बहिनों के लिए शुभ कामना समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पलिया के उपजिलाधिकारी कार्तिकेय सिंह का विद्यालय के मुख्य द्वार पर घोष के साथ विद्यालय के अध्यक्ष चांद कुमार जैन, प्रबंधक राम बचन तिवारी, सह–प्रबंधक शिवपाल सिंह जी, सदस्य अभिषेक शुक्ला जी, प्रधानाचार्य राम प्रताप सिंह आदि ने स्वागत किया। बहिनों ने तिलक और अक्षत से अभिनंदन किया। उपजिलाधिकारी महोदय ने सम्पूर्ण विद्यालय का निरीक्षण किया उसके पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ किया गया। अतिथि परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य राम प्रताप सिंह जी ने कराया। विशिष्ट अतिथि प्रांतीय अंकेक्षक विशाल सिंह चौहान, अध्यक्षता विद्यालय अध्यक्ष चांद कुमार जैन ने की। मुख्य अतिथि महोदय ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए पढ़ाई में नियमिता बनाए रखने के लिए कहा । कक्षा एकादश एवं द्वादश के भैया, बहिनों ने अभिनय गीत, स्वविचार प्रस्तुत किया ।आचार्य रवीन्द्र कुमार मौर्य, सौरभ शुक्ला धनुषधारी द्विवेदी व बीटू देवी ने अपने विचार प्रकट कर आशीर्वचन प्रदान किया ।प्रबंधक महोदय ने भैया, बहिनों के उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना करते हुए श्रेष्ठ नागरिक बन भारत माता की सेवा करने का आशीर्वाद दिया इसके साथ ही बिना किसी भय व दबाव के परीक्षा में सम्मिलित होने की प्रेरणा दी। अध्यक्ष महोदय ने सभी को बोर्ड परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने हेतु शुभकामनाएं व आशीर्वाद दिया । विद्यालय के प्रधानाचार्य जी ने भैया, बहिनों को प्रसन्न मन से परीक्षा देने के लिए कहा तथा आये हुए सभी अतिथि महानुभावों का धन्यवाद ज्ञापित कर आभार प्रकट किया । इस अवसर पर सभी आचार्य, आचार्या बहिनें उपस्थित रही। कार्यक्रम का सफल संचालन संयुक्त रूप से एकादश की बहिन परी सिंह और इशिता कुशवाहा ने किया।

# परम पूज्यनीय गुरूजी की जयन्ती मनायी गयी

विद्या भारती विद्यालय डा. हेडगेवार सरस्वती शिशु मंदिर आवास–विकास , लखीमपुर खीरी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सर संघ चालक माधव सदाशिव राव गोलवलकर ( श्री गुरु जी ) का जन्म जयंती बड़ी ही श्रद्धा के साथ मनाई गई । इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य श्री विवेक कुमार श्रीवास्तव जी ने श्री गुरु जी के जीवन वृत्त पर विस्तार से प्रकाश डाला । विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री राममणि मिश्र जी ने माधव राव सदाशिव गोलवलकर जी के कार्यों व राष्ट्र के प्रति समर्पण की ओर सभी का ध्यान आकृष्ट करते हुए उनके जीवन से सभी को प्रेरणा लेने व राष्ट्र के लिए सभी को अपना तन मन धन समर्पित करने की बात कही। इस अवसर पर भैया – बहन व समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा ।






# अखिल भारतीय शिशु वाटिका परिषद एवं प्रशिक्षण बैठक हरिद्वार की झलकियां









# परम पूज्यनीय गुरूजी की जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया




राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक परम पूज्य माधव सदाशिव राव गोलवलकर उपाख्य श्री गुरुजी के जन्म उत्सव 19 फरवरी को विद्या भारती विद्यालय माधव चिल्ड्रन्स एकेडमी एवं माधव गुरुकुलम छात्रावास द्वारा शैक्षणिक सांस्कृतिक सेवा सप्ताह के अंतर्गत मनाया गया इस अवसर पर प्रख्यात समाजसेवी अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार त्रिवेदी समाजसेवी शिवाकांत मिश्रा एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक अविनाश तथा विद्यालय परिवार की सह प्रबंधक रुचि ऋतुराज प्राचार्य साधना अवस्थी के द्वारा संयुक्त रूप से परम पूज्य माधव जी व मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण पुर्ष्पाचन कर सप्ताह का शुभारंभ किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजकुमार त्रिवेदी ने कहा कि श्री गुरु जी का जीवन भारत माता को समर्पित था उन्होंने संपूर्ण भारत में भ्रमण कर संघ कार्य का विस्तार



किया तथा स्वाधीनता के बाद छोटे–छोटे राज्यों के विलय में अहम भूमिका निभाई उन्होंने काशी हिंदू विश्वविद्यालय में अध्यापन कार्य करते हुए अपने संपूर्ण वेतन को निर्धन जरूरतमंद विद्यार्थियों की शिक्षा में व्यय कर दिया करते थे संघ के राष्ट्रवाद विचार को उन्होंने जन–जन तक पहुंचाने का कार्य किया इस अवसर पर जिला प्रचारक अविनाश ने कहा कि संघ के द्वितीय सरसंघचालक जी की स्मृति में स्थापित यह माधव चिल्ड्रेन एकाडमी माधव गुरुकुलम छात्रावास श्री गुरु जी के पुण्य विचारों का पुण्य प्रवाह है निश्चित रूप से यहां के हर एक बच्चे में राष्ट्रवाद की खुशबू आ रही है बच्चों की पढ़ाई का बहुत अच्छा वातावरण विद्यालय में सभी शिक्षक शिक्षकाओ द्वारा दिया जा रहा है शिवाकांत मिश्रा ने कहा कि माधव चिल्ड्रेन एकाडमी श्रेष्ठ विद्यार्थी निर्माण की कार्यशाला है यह विद्यालय अपने सेवा कार्यों के द्वारा जनपद में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है यहां की पढ़ाई बहुत ही श्रेष्ठ योग्य प्रशिक्षित अनुभवी एवं बच्चों के प्रति मातृत्व भाव रखने वाले शिक्षक, शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में एवं

क्रियात्मक एवं प्रयोगात्मक रूप से कराई जाती है जिससे विद्यार्थियों में नयी नयी चीजों का समावेश होता है सह प्रबंधक रुचि ऋतुराज ने कहा कि माधव चिल्ड्रेन एकाडमी की स्थापना 2008 में हुई विद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रों में विद्यालय एवं अपने माता–पिता का नाम रोशन कर रहे है आज विद्यालय परिवार के बच्चे आई आई एम भारतीय सेना बीटेक एमबीए एवं शिक्षा के क्षेत्र में नाम रोशन कर रहे हैं। विद्यालय की प्राचार्य साधना अवस्थी ने बताया कि जन्मोत्सव समारोह सप्ताह के सभी कार्यक्रम प्रार्थना सभा में कराए जाएंगे जिससे बच्चों में शिक्षा के साथ–साथ श्री गुरु जी के वैचारिक अधिष्ठान से परिचित कराया जाएगा। उप–प्राचार्य वार्षिका पाराशर ने बताया कि प्रतिदिन समाज के श्रेष्ठजन द्वारा माधव परिवार के बच्चों का मार्गदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए जिसमें कनिष्क कौशिकी अभय अर्पण, अर्जुन, अनंत, राघव देवेंद्र गौरव बच्चों ने प्रतिभा किया कार्यक्रम का कुशल संचालन पूजा गुप्ता ने किया इस अवसर पर सशस्त्र सीमा सुरक्षा बल की अधिकारी मीना मीणा एवं सीमा मीना माधव परिवार के विकास बाजपेई, शिवकुमार मिश्र, ऋषभ गुप्ता, अमित जायसवाल, पूनम जायसवाल, पूनम गुप्ता, काजल त्रिवेदी, इशा पांडे, पूनम दीक्षित, प्रिया तिवारी तथा नगर के वरिष्ठ पत्रकार सर्वेश शुक्ला जी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी अतिथियों को सम्मानित किया गया।












# ए.आई. प्रशिक्षण वर्ग का शुभारम्भ हुआ

पलियाकलां– खीरी अनवरत फाउंडेशन एवं निर्मल ह्रदय एजुकेशनल सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में बच्चों को निशुल्क एआई कम्प्यूटर प्रशिक्षण–अनवरत फाउंडेशन एवं निर्मल ह्रदय एजुकेशनल सोसाइटी द्वारा एक प्रभावशाली डिजिटल तैयारी कार्यक्रम का सफल समापन किया गया है, जिसका उद्देश्य थारू जनजाति के सभी लोगों को आवश्यक डिजिटल कौशल प्रदान करना है। यह कार्यक्रम इंटेल इंडिया, शिक्षा मंत्रालय (भारत सरकार), सीबीएसई, और डिजिटल इंडिया के समर्थन से किया जा रहा है। यह एक माह की अवधि का कार्यक्रम है, जिसमें लखीमपुर खीरी जिले के पलिया ब्लॉक में 1000 उत्साही थारू जनजाति के सदस्यों ने भाग लिया। 24 घंटे की गहन प्रशिक्षण सत्रों के दौरान, प्रतिभागियों को मौलिक कंप्यूटर कौशल मिला और उन्होने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के प्रति जागरूकता प्राप्त की। यह कार्यक्रम कास्तूरबा गांधी आवासीय बालिका स्कूल, बालिका आश्रम पद्दति विद्यालय, थारू छात्रावास, और तेज महेंद्रा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज जैसे प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्थानों के सहयोग से संचालित किया गया था। सैकड़ों सैद्धांतिक शिक्षा और हस्तक्षेपी प्रशिक्षण सत्रों के संयुक्त प्रयोग के माध्यम से, प्रतिभागी गण मूल कंप्यूटर कार्यों में दक्षता हासिल की और एआई प्रौद्योगिकी के सिद्धांतों से परिचित हुए। एआई के साथ कम्प्यूटर की बेसिक जानकारी से अवगत कराया जाएगा उसके बाद जैसे जैसे लोग पारंगत होते जाएंगे उसके बाद डिजिटल क्षेत्र की मुख्य भूमिका में लाना इस संस्था का मुख्य उद्देश्य है। अनवरत फाउंडेशन एक गैर–लाभकारी संगठन है जो भारत के समाज में शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, और सतत विकास पहलों को बढ़ावा देने के लिए समर्थ है। नवाचारी कार्यक्रमों और रणनीतिक साझेदारियों के माध्यम से, हम व्यक्तियों और समुदायों को उनकी पूरी क्षमता तक पहुँचने में सहायता करने का प्रयास कर रहे हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक रामबचन तिवारी , आचार्य चंद्रेश्वर , आचार्या सुश्री माला , विकास जी व अनवरत फाउंडेशन के प्रोग्राम मैनेजर धर्म प्रकाश शुक्ला सहित विद्यालय के सैकड़ो छात्र उपस्थित रहे।



## मातृ–पितृ पूजन का आयोजन किया गया

सनातन धर्म सरस्वती विद्या मन्दिर बालिका इण्टर कालेज में 'बसन्त पंचमी' के अवसर पर ''सरस्वती संस्कार'' एवं ''मातृ–पितृ पूजन'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रातः स्मरण, दीप प्रज्ज्वलन एवं ज्ञान की अधिष्ठात्री माँ सरस्वती की वन्दना से हुआ। प्रधानाचार्य श्रीमती शिप्रा बाजपेई जी ने अतिथियों का परिचय कराया। बहिन मेधावी दीक्षित एवं आकृति मिश्रा ने अपनी ओजस्वी वाणी में बसन्तोत्सव पर्व की पौराणिकता एवं महत्ता का वर्णन किया। विद्यालय में छात्राओं, आचार्य–आचार्याओं व प्रबन्ध समिति द्वारा हवन के माध्यम से सभी को सद्बुद्धि तथा विश्व शांति एवं विश्व बन्धुत्व की कामना की गयी। इस उल्लासपर्व पर विद्यालय की छात्रा बहनों द्वारा सुन्दर नृत्य, गीत व भजन प्रस्तुत किये गये। इस अवसर पर सरस्वती संस्कार कार्यक्रम के द्वारा विद्यालय में नवीन सत्र (2024–25) हेतु प्रवेश प्रक्रिया का शुभारम्भ हुआ। पाश्चात्य सभ्यता के अन्धानुकरण से समाज को संरक्षित करने के उद्देश्य से विद्यालय में आज ''मातृ–पितृ पूजन'' का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। जिससे कि छात्राओं में पारिवारिक मूल्यों की समझ तथा उनके प्रति आस्था और प्रगाढ़ हो सके तथा अपनी प्राचीन गौरवशाली सनातन संस्कृति को बल प्रदान हो। मातृ पितृ पूजन कार्यक्रम में विद्यालय की छात्रा बहनों के साथ–साथ लगभग अन्य 100 विशेष आमंत्रित छात्रा बहनों द्वारा अपने माता पिता का पूजन किया गया। प्रधानाचार्य श्रीमती शिप्रा बाजपेई जी ने छात्राओं को बताया कि माता सरस्वती के अवतरण दिवस पर हम सभी उनका आशीर्वाद प्राप्त कर संस्कारवान शिक्षा के माध्यम से सद्नागरिक बनें व देश को प्रगति की ओर

ले चलें, उन्होने कार्यक्रम में पधारे अतिथियों के प्रति आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबन्ध समिति अध्यक्षा श्रीमती रश्मि बाजपेई जी, प्रबन्धक श्री चन्द्र भूषण साहनी जी, सह प्रबन्धक श्रीमती निरुपमा बाजपेई जी, कोषाध्यक्ष श्री तुषार गर्ग जी, प्रबन्ध समिति सदस्य श्रीमती सीमा साहनी जी, श्रीमती ममता अग्रवाल जी, गाँधी बालोद्यान विद्यालय की प्रधानाचार्या, श्रीमती हेमलता जी, आर0डी0 पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य, श्रीमती पूर्णिमा 'इन्द्र' जी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य श्रीमती शिप्रा बाजपेई जी ने छात्राओं को आशीर्वचन दिये तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।












# विद्यालय की उपलब्धि



'माई भारत–विकसित भारत@2047' विषय पर नेहरू युवा केंद्र और खेल मंत्रालय द्वारा 25, 26 फरवरी, 2024 को बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ में राज्य स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन हुआ, जिसमें कई प्रदेशों के युवाओं ने प्रतिभाग किया था। इस आयोजन में भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सनातन धर्म सरस्वती विद्या मन्दिर बालिका विद्यालय की कक्षा 12 की छात्रा बहन *'सिमरन कनौजिया'* ने प्राप्त करके *'एक लाख रुपये'* की चेक उपहार स्वरूप प्राप्त कर विद्यालय एवं ज़िले का गौरव बढ़ाया।

## प्रवेश परीक्षा आयोजित की गयी

पं. दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज, लखीमपुर खीरी में सत्र 2024–2025 हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। प्रवेश परीक्षा में अनेक भैया–बहिनों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर सेल्फी प्वाइंट सभी के आकर्षण का केन्द्र रहा।








# रायबरेली संकुल

## विद्यालय को मिला प्रिन्टर

विद्या भारती द्वारा सञ्चालित सभी विद्यालय समाज में शिक्षा के साथ सांस्कृतिक विचारों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में एक प्रभावशाली भूमिका निभा रहे हैं । ये विद्यालय समाज के द्वारा पोषित होने के कारण अपनी एक नई पहचान बनाने में सफल हुए हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरेन्द्र वर्मा ने विद्यालय के लिए नगर के ख्यातिलब्ध प्रभावशाली व्यक्तियों से सम्पर्क कर नए–नए आयाम स्थापित करने का कार्य किया है। इसी क्रम में व्यापार मण्डल महाराजगंज के अध्यक्ष आदरणीय पिंटू सिंह जी द्वारा विद्यालय को नया प्रिंटर देकर एक महत्वपूर्ण भूमिका निर्वाह की गयी। विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरेन्द्र वर्मा ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए यह बताया कि आदरणीय पिण्टू सिंह जी को विद्यालय की व्यवस्था के निमित्त जब भी याद किया गया उन्होंने तन मन और धन से सहयोग किया है। इससे पूर्व समाजसेवी श्याम प्रकाश उर्फ ललन वर्मा जी ने विद्यालय को चार डेस्क टॉप दिए थे। इसी क्रम में आज व्यापार मण्डल महाराजगंज के अध्यक्ष श्री पिण्टू सिंह जी ने पूर्व छात्र हिमांशु साहू के साथ विद्यालय पहुंचकर नया प्रिंटर प्रधानाचार्य को देते हुए अपनी खुशी व्यक्त की, साथ ही उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हर व्यक्ति को शिक्षा क्षेत्र में अपना योगदान सुनिश्चित करना चाहिए , क्योंकि शिक्षा के द्वारा ही एक अबोध बालक अपने जीवन में उत्कर्ष करते हुए नवीन ऊंचाइयों पर पहुंचता है। शिक्षा ही केवल ऐसा माध्यम है जो किसी भी व्यक्ति के व्यक्तित्व को निखार कर फर्श से अर्श पर पहुंचाती इसलिए मैं समाज के बुद्धिजीवी, समाजसेवी और व्यापारी बन्धुओं से निवेदन करूंगा कि ऐसे सांस्कृतिक विचारों के सम्प्रेषण में अपनी महती भूमिका निभाने वाले पवित्र संस्थान जो संघ की योजना से संचालित होते हैं विद्या भारती के विद्यालय में अपना पूरी शक्ति से समर्पण सुनिश्चित करें। यह एक ऐसा पवित्र कार्य है, जिसके माध्यम से आगामी पीढ़ी के भविष्य में सुधार होगा, जो राष्ट्रीय उन्नति का आधार बनेगा। मैं पुनः प्रधानाचार्य जी को बचन देता हूं कि जब भी आपको मेरी आवश्यकता पड़ेगी मैं तन मन धन पूर्वक विद्यालय का सहयोग करूंगा । मुझे इस कार्य से पवित्र अन्य किसी क्षेत्र में कोई कार्य का योगदान नहीं लगता। शिक्षा क्षेत्र का योगदान राष्ट्रीय जीवन के लिए एक नवीन दिशा का आधार बनता है। प्रधानाचार्य जी ने अभिभूत होते हुए व्यापार मण्डल अध्यक्ष को बहुत–बहुत धन्यवाद किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य कल्याण जी, विचित्र जी, आशीष जी, गौरव जी, पुनीत जी, अमरेश जी, धर्मेन्द्र जी, अम्बरीश जी, अन्तरिक्ष जी, आचार्या बहनें सीमा जी, किरण जी, सरोज मौर्य व पूर्व छात्र हिमांशु जी आदि उपस्थित रहे।

# शैक्षणिक भ्रमण सम्पन्न

सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज, ऊर्जा विहार के भैया–बहिनों का शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी ने भगवान श्री राम के दरबार में जाकर हाजिरी लगायी।








# सूर्य नमस्कार की झलकियां




# बलरामपुर संकुल

## सम्मानित किया गया




सरस्वती शिशु एवं विद्या मंदिर इंटर कॉलेज रमनापार्क बलरामपुर के प्रधानाचार्य श्री राम तीरथ यादव जी ने विद्या भारती विद्यालय के पूर्व छात्र एवं प्रबंध समिति के सम्मानित सदस्य तथा वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉ. कुलदीप विश्वकर्मा जी को भारत माता का चित्र एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया तथा चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य की प्रशंसा करते हुए विद्यालय प्रबंध समिति ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# गोण्डा संकुल

## वार्षिक परीक्षा का निरीक्षण किया गया



संकुल टीम के द्वारा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बड़गांव गोण्डा में आयोजित वार्षिक परीक्षा का निरीक्षण किया गया। अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिर बड़गांव में संकुल गोण्डा की टीम के द्वारा वार्षिक परीक्षा का निरीक्षण किया गया।इस टीम में संकुल प्रमुख के रूप में सरस्वती विद्या मंदिर

,मालवीय नगर के प्रधानाचार्य श्रीमान बृजेन्द्र जी, बालिका विद्या मंदिर से श्रीमती पुष्पा जी, साथ में श्रीमान नागेन्द्र जी, श्री उमाशंकर जी आदि शामिल थे। वार्षिक परीक्षा के निरीक्षण के साथ साथ आगामी योजना के सन्दर्भ में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मंगली प्रसाद तिवारी जी के साथ टीम की बैठक भी हुई।




# मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बड़गांव गोण्डा में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वन्दना से हुआ जिसके पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मंगली प्रसाद तिवारी जी ने आये हुए अतिथियों का परिचय कराया। नन्हे मुन्ने भैया बहनों के द्वारा अतिथि सम्मान में स्वागत गीत अभिनय द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के संयोजिका बहन सुमित्रा जी के द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तावना पर प्रकाश डाला गया।इस कार्यक्रम में राष्ट्र सेविका समिति से श्रीमती खुशबू मित्तल जी, लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय से डा०रेखा शर्मा जी,एवं डाक अधीक्षक श्रीमती किरन सिंह ने विद्यालय मे आई हुई माताओं–बहनों को सम्बोधित किया तथा महिला सशक्तिकरण पर भी चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की बहन संध्या व आचार्या सुमन जी ने किया ।कार्यक्रम के पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मंगली प्रसाद तिवारी जी ने आये हुए अतिथियों के आभार ज्ञापित किया।





# बाराबंकी संकुल




## भ्रमण कराया गया

सरस्वती शिशु मंदिर बाबूगंज के भैया बहनों का शैक्षिक भ्रमण यात्रा पर लखनऊ चिड़ियाघर जाना हुआ। भैया बहनों ने विभिन्न प्रकार के पशु बच्चों को देखा। म्यूजियम में रखें पुराने जमाने के चलने वाले सिक्के ,सामान तलवार 3000 वर्ष पुरानी ममी देखी। एक हवाई जहाज भी खड़ा हुआ देखा। शेर, बाघ, चीता, घड़ियाल और भेड़िया भी देखा। भैया बहनों ने झूले का भी आनंद लिया। समय से अपने घर वापस भी आ गए और साथ में विद्यालय का स्टाफ भी रहा जिसमें रिंकी पाल वंदना मनीष गुप्ता दिलीप प्रधानाचार्य श्री वीरेंद्र विक्रम सिंह साथ में रहकर बच्चों को एक–एक चीज की जानकारी दी और बताया।





# हरदोई संकुल

## अधिकारियों का आशीर्वाद प्राप्त हुआ



विद्याभारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर विष्णुपुरी हरदोई में अवध प्रांत के मा० प्रदेश निरीक्षक श्रीमान राम सिंह जी, सम्भाग निरीक्षक श्रीमान सुरेश कुमार सिंह जी, का मार्गदर्शन वन्दना सभा में भैया, बहनों एवं आचार्य परिवार को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर सेवानिवरत प्रधानाचार्य श्रीमान अजय अवस्थी जी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हरदोई के जिला प्रचारक श्रीमान रविप्रकाश जी भी उपस्थित हुए।

## संत रविदास जयंती धूमधाम से मनायी गयी

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर लोहिया नगर, शहजादपुर, अकबरपुर, अंबेडकर नगर में संत रविदास जी की जयंती मनाई गई उनके विषय में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री शिवप्रसाद मिश्र ने अपने विचार व्यक्त किये। विद्यालय की आचार्या सुश्री ऐश्वर्या पांडे कार्यक्रम की संयोजक रही। विद्यालय की आचार्यों श्रीमती प्रियंवदा मिश्रा, श्रीमती पूजा तिवारी, श्री विनय कुमार सिंह ने अपने विचार व्यक्त किये विद्यालय के आचार्य कुलदीप तिवारी भी उपस्थित रहे।





# विदाई समारोह मनाया गया






विवेकानंद शिशु कुंज सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनटीपीसी टांडा अंबेडकर नगर में कक्षा द्वादश का बड़े ही हर्षोल्लास के साथ विदाई समारोह संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमान डॉक्टर मनीराम वर्मा जी कोषाध्यक्ष विवेकानंद शिशु कुंज का मार्गदर्शन एवं आशीर्वचन प्राप्त हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान काली प्रसाद मिश्रा जी ने भैया बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित कर नई ऊंचाइयों पर पहुंचा जा सकता है। इस अवसर पर कक्षा द्वादश के आचार्य श्री राम आशीष सिंह जीए श्री मनमोहन लाल मिश्र जीए श्री राम सूरत सिंह जीए ने भैया बहनों को संबोधित किया। कक्षा द्वादश के भैया बहनों ने विद्यालय में बिताए हुए अपने अनुभव को व्यक्त किया। विदाई समारोह का पूरा आयोजन कक्षा एकादश के भैया बहनों ने किया। अंत में विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्री सुधीर कुमार पांडेय जी ने आए हुए अतिथियों का भैया बहनों का एवं सभी आचार्यों का आभार ज्ञापन किया। विद्यालय के मीडिया प्रभारी कंप्यूटर प्रवक्ता श्री रविंद्र प्रताप सिंह जी ने छायांकन एवं वीडियोग्राफी किया। कार्यक्रम का संचालन एकादश की बहनों ने किया एवं विद्यालय के प्रधानमंत्री भैया आलोक कुमार की देखरेख में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# अति महत्वपूर्ण तिथियां

## अप्रैल 2024

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | चैत्र कृष्ण सप्तमी | सोमवार | सत्रारम्भ हवन पूजन (कार्यक्रम) |
| 7 | चैत्र कृष्ण चतुर्दशी | रविवार | विश्व स्वास्थ्य दिवस (कार्यक्रम) |
| 9 | चैत्र कृष्ण प्रतिपदा | मंगलवार | नववर्ष अभिनन्दन (कार्यक्रम) |
| 11 | चैत्र शुक्ल तृतीया | गुरूवार | ईदुलफितर (ईद) (अवकाश) |
| 13 | चैत्र शुक्ल पंचमी | शनिवार | डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयन्ती (कार्यक्रम) |
| 14 | चैत्र शुक्ल षष्ठी | रविवार | डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयन्ती (अवकाश) |
| 16 | चैत्र शुक्ल अष्टमी | मंगलवार | रामनवमी (कार्यक्रम) |
| 17 | चैत्र शुक्ल नवमी | बुधवार | रामनवमी (अवकाश) |
| 20 | चैत्र शुक्ल द्वादशी | शनिवार | महावीर जयन्ती (कार्यक्रम) |
| 21 | चैत्र शुक्ल त्रयोदशी | रविवार | महावीर जयन्ती (अवकाश) |
| 22 | चैत्र शुक्ल चतुर्दशी | सोमवार | विश्व पृथ्वी दिवस |
| | तृतीय सप्ताह | | शिशु भारती/कन्या भारती गठन |
| | अन्तिम सप्ताह | | वेश, बस्ता, कक्षा सज्जा प्रतियोगिता, संकुल परिषद गठन |
| 30 | बैशाख कृष्ण सप्तमी | मंगलवार | विद्यालय स्तरीय दक्षता वर्ग |




# भारतीय शिक्षा समिति, उ.प्र.

## अवध प्रान्त

सरस्वती कुन्ज निरालानगर, लखनऊ